बिहार सरकार
श्रम संसाधन विभाग
प्रारूप अधिसूचना

पटना, दिनांकः– 23/12/24

एस0 ओ0– दिनांक–

बिहार राज्यपाल बिहार राज्य न्यूनतम मजदूरी परामर्शदातृ पर्षद् की दिनांक–22.11.2024 को आयोजित बैठक में श्रमिकों के उनकी कुशलता के आधार पर वर्गीकरण किये जाने की अनुशंसा के आधार पर श्रमिकों/कामगारों का कोटिकरण निम्नवत करते हैः–

- **"अकुशल कार्य"** से ऐसा कार्य अभिप्रेत है जिस कार्य के साधारण प्रचालन में कम या कौशल या अनुभव की अपेक्षा अंतर्वलित नहीं है।
- **"अर्द्धकुशल कार्य"** से ऐसा कार्य अभिप्रेत है जिसमें कुछ सीमा तक अनुभव के माध्यम से अर्जित कौशल या सक्षमता अंतर्वलित है तथा किसी कुशल कर्मचारी की पर्यवेक्षकीय या मार्गनिर्देशन के अधीन कार्य पालन करने में सक्षम है और जिसके अंतर्गत अकुशल पर्यवेक्षकीय कार्य भी है।
- **"कुशल कार्य"** से ऐसा कार्य अभिप्रेत है जिसमें कार्य पर अनुभव के माध्यम से या किसी तकनीकी या व्यवसायिक संस्थान में प्रशिक्षु के रूप में प्रशिक्षण के माध्यम से अर्जित कौशल या सक्षमता अंतर्वलित है और ऐसा कार्यपालन जिसमें पहल और निर्णय के लिए आवश्यकता होती है।
- **"अत्यधिक कुशल"** से ऐसा कार्य अभिप्रेत है जिसमें पूर्णता की कोई डिग्री और कतिपय कार्यों के कार्य निष्पादन पूर्ण सक्षमता की आवश्यकता होती है जिसके अंतर्गत गहन तकनीकी या व्यवसायिक प्रशिक्षण या कतिपय युक्तियुक्त अवधि के लिए व्यवहारिक कार्य अनुभव के माध्यम से अर्जित लिपिकीय कार्य है और किसी कर्मकार से इन कार्यों के निष्पादन में अंतर्वलित कोई निर्णय या विनिश्चय के लिए पूर्ण उत्तरदायित्व को संभालने की भी अपेक्षा है।

श्रमिकों/कामगारों का वर्गीकरण

क्रम0सं0	अकुशल
1.	बेलदार
2.	ग्वाला
3.	चरवाहा (सभी प्रकार के पशुओं को चराने वाला)
4.	सफाई कर्मचारी (नाला, सेफ्टी टैंक, गाड़ी, कार्यालय, अस्पताल आदि)

5.	चारा इक्ट्ठा करना
6.	कुली का कार्य
7.	मजदूर (कृषि, निर्माण कार्य, डेयरी एवं अन्य कार्यों में संलग्न)
8.	चालक (खच्चर, बैल, ऊँट, गधा आदि)
9.	हाथों से ईंट, पत्थर, सड़क, दिवाल इत्यादि तोड़ने वाला
10.	गट्ठर तोलने और ले जाने वाला
11.	ट्रॉलीमैन
12.	ठेला चलाने वाला
13.	सफेदी करने वाला
14.	लकड़हारा
15.	परिचारी / चपरासी (सरकारी कार्यालयों एवं अन्य जगहों में कार्यरत)
16.	घास काटनेवाला
17.	बजरी फैलाने वाला
18.	कूटने–पीसने वाली महिला
19.	नाविक का सहायक
20.	श्रमिक (ब्वॉयलर, पशु–अहाता, खेती, सामान्य भार चढ़ाना–उतारना, बर्डिंग, कार्टिंग–फर्टिलाइजर, हार्वेस्टिंग, विविध बीज अंकुरण, बीज बोना, छाजन, प्रत्यारोपण, खरपतवार की छँटाई)
21.	भिश्ती / पानी पिलाने वाला
22.	कंक्रीट (हाथ से मिलाने वाला)
23.	फ्लैगमैन
24.	सर्चर
25.	सिग्नलमैन
26.	लोडर
27.	बर्तन धोनेवाला
28.	ऑफिसब्वॉय
29.	खोदनेवाला
30.	लॉरी सहायक
31.	ट्रॉलीब्वॉय
32.	लादने और उतारने में नियोजित व्यक्ति
	या अन्य कोई भी प्रवर्ग जो कि अकुशल प्रकृति के हों जिसमें बहुत ही कम या कुछ भी कुशलता या अनुभव की आवश्यकता नहीं होती चाहे वे किसी भी नाम से पुकारे जाए।

क्रम0सं0	अर्द्धकुशल
1.	सहायक प्लम्बर
2.	ब्रांडर / बुक बाइंडर
3.	बुलमैन
4.	चालक (टांगा / रिक्शा / कोच)
5.	सहायक मोची
6.	डिलीवरी मैन
7.	धोबी / रंगरेज
8.	ड्रेसर
9.	हॉस्पिटल वार्ड ब्वॉय
10.	स्वचालित यंत्र से ईंट, पत्थर, सड़क, दिवाल इत्यादि तोड़ने वाला
11.	लोहार का सहायक
12.	मेट

संतोष अजित Gupta